Bareilly, Monday,
3 April 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण
inext
Page No. 02 : Middle

द डिनर गेम्स ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया

एसआरएमएस रिद्धिमा में हुआ हास्य नाटक द डिनर गेम्स का मंचन

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (2 April): एसआरएमएस रिद्धिमा में संडे को नई दिल्ली के फाइव एलीमेंट्ज थिएटर ने द डिनर गेम्स नाटक का मंचन किया. मूलतः फ्रांसिस वेबर लिखित और फ्रेंच हास्य नाटक ले डिनर दे कॉन्स पर आधारित इस नाटक का रूपांतरण व निर्देशन राखी मानव ने किया. नाटक का आरंभ साप्ताहिक इडियट्स डिनर

से होता है, जिसमें आइकॉनिक चैनल के मालिक मनीष सिंघानिया और उसके मित्र को भी पहुंचना है. इस डिनर में सभी लोग अपने साथ एक बेवकूफ को ले जाते हैं, जिसका अन्य मेहमान उपहास कर सकें. भोजन के बाद चैंपियन इडियट चुना जाता है. नाटक का दर्शकों ने खूब लुत्फ उठाया.

डिनर पर बुलाया घर

मनीष सिंघानिया इस इडियट्स डिनर के लिए इडियट की तलाश करता है. इसके लिए घर पर ऑडिशन रखता है. वह टैक्स ऑफिस में काम करने वाले सुमन सौरभ डिनर के लिए घर बुलाता है. सुमन गायक बनना चाहता है. मनीष की पत्नी पूजा को, किसी का इस तरह मजाक उड़ाना रास नहीं आता और वह नाराज होकर घर से चली जाती है. सुमन शाम को मनीष के घर पहुंचता है, पर मनीष की पीठ में चोट लगने के कारण दोनों डिनर पर नहीं जा पाते. परेशान मनीष अपनी पत्नी का पता लगाने के लिए सुमन की मदद लेता है. सुमन अलग- अलग लोगों को टेलीफोन पूजा के बारे में जानकारी लेने की कोशिश करता है लेकिन हर बार उसकी बेवकूफी से कोई न कोई गड़बड़ हो जाती है. मनीष नई- नई मुसीबत में फंसता जाता है. यह परिस्थितियां दर्शकों को हंसाती हैं, नाटक में मनीष का किरदार रोबिन खन्ना और सुमन सौरभ की भूमिका फरदीन खान ने खूबसूरती से निभाई. निधि सक्सेना (पूजा), आशा सिंह (कामना), अभिनव (डा. कपूर), भरत (सूरज), मानव मेहरा (कृष्णा), विशाल वर्मा (करीम) ने भी अपनी भूमिकाओं में अच्छा अभिनय किया.